आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 25.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार प्रशासन के परिवहन बेड़े में इक्कीस नई बसों को शामिल किया गया है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा लोगों को बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल कैम्पबेल बे में नए बस टर्मिनस का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हो रही है।
- द्वीपों में खराब मौसम को देखते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए जहाजरानी निदेशालय द्वारा मुख्यभूमि और अंतरद्वीपीय जहाज यात्रा कार्यक्रम में फेरबदल किया गया है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा कि द्वीपसमूह में परिवहन सेवाओं में सुधार के लिए कई कदम उठाए गए हैं और कई नई बसों को बेड़े में शामिल करने के लिए मंगाया गया है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि आज जो इक्कीस नई बसों को परिवहन बेड़े में शामिल किया गया है, उन्हें द्वीपसमूह के अलग–अलग क्षेत्रों में भेजा जा रहा है, ताकि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को परिवहन की सेवा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बावन सीट क्षमता वाले करीब चौदह बसों को मंगाया गया था और अब इक्कीस नई बसों के आ जाने से रंगत, मायाबंदर, डिगलीपुर, बाराटांग, पोर्ट ब्लेयर, फरारगंज और कार निकोबार तथा हटबे के लोगों को सहुलियत होगी।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल कैम्पबेल बे में नए बस टर्मिनस का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में कल आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने इस नए बस टर्मिनस का उद्घाटन करते हुए कहा कि इससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि धीरे–धीरे बसों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नए भवन में आर टी ओ कार्यालय भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने सभी से इस नए बस टर्मिनस की देखभाल करने, मवेशियों के प्रवेश को रोकने और गंदगी न फैलाने का भी अनुरोध किया। मुख्य सचिव ने कहा कैम्पबेल बे जैसे क्षेत्रों में लोगों को बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के सहायक आयुक्त से भी बातचीत की और क्षेत्र में मानव शक्ति उपलब्ध कराने की दिशा में भी सहयोग देने का आश्वासन दिया। इससे पहले परिवहन सचिव विश्वेन्द्र ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए बताया कि इस भवन के निर्माण पर दो करोड़ अड़तीस लाख रूपये की राशि खर्च हुई है। इस यात्री भवन में कुल सौ लोगों के बैठने की क्षमता है। प्रशासनिक भवन के साथ कैन्टीन की भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कैम्पबेल बे में छः मार्ग पर कुल ग्यारह बसे संचालित की जा रही है। पिछले साल ही दो नई बसें इस क्षेत्र के लिए उपलब्ध कराई गई है।

बाद में मुख्य सचिव ने सचिवालय परिसर से सभी नए बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयुक्त व सचिव निखिल कुमार, नन्दिनी पालीवाल और अन्य सचिव व निदेशक भी उपस्थित थे। परिवहन निदेशक जितेन्द्र सोहेल के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

<><><><><><><>

भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आम जनता से मतगणना से जुड़ी सूचनाएं और शिकायतें प्राप्त करने के लिए हेल्प लाइन नम्बर एक नौ पांच शून्य को चौबीसों घंटे उपलब्ध कराया गया है। ये सेवा एक जून से उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हो रही है। पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान में तेज हवाओं के साथ रूक–रूक कर भारी वर्षा हो रही है। आज सुबह साढ़े पांच बजे तक पोर्ट ब्लेयर और आसपास के इलाकों में तिरसठ दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि आज द्वीपों के एकाध भागों में तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा हो सकती है। अगले कुछ दिनों तक द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होने या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। समुद्र के काफी अशांत रहने के कारण मछुआरों को अट्ठाईस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

द्वीपों में खराब मौसम को देखते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए जहाजरानी निदेशालय द्वारा मुख्यभूमि और अंतरद्वीपीय जहाज यात्रा कार्यक्रम में फेरबदल किया गया है। एम वी स्वराज द्वीप की आज पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम की यात्रा को स्थगित किया गया है। अब यह जहाज सत्ताईस मई को दोपहर दो बजे पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा और इसकी वापसी एक जून को सुबह दस बजे विशाखापत्तनम से पोर्ट ब्लेयर के लिए होगी। एम वी कालीघाट की लिटिल अंडमान के लिए सत्ताईस मई को शाम सात बजे होने वाली यात्रा में फेरबदल किया गया है। अब यह जहाज उसी दिन रात्रि नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और अगले दिन सुबह आठ बजे पोर्ट ब्लेयर वापस लौटेगा। जलयान सिंधु की आज की मायाबंदर होते हुए डिगलीपुर की यात्रा को स्थगित किया गया है। अब यह जहाज आज रात्रि नौ बजे सीधे मायाबंदर जाएगा। जिन यात्रियों ने डिगलीपुर की यात्रा के लिए टिकट खरीदे हैं, वे टिकट रद्द कर पैसे वापस ले सकते हैं। जलयान नालंदा की अट्ठाईस मई की पोर्ट ब्लेयर से ननकौड़ी और कच्छाल होते हुए कैम्पबेल बे की यात्रा को स्थगित किया गया है। अब यह जहाज उसी दिन सुबह नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा और जलयान तीस मई को सुबह आठ बजे इसी मार्ग से पोर्ट ब्लेयर वापस लौटेगा। जिन यात्रियों ने कच्छाल के टिकट खरीदे हैं, उन्हें टिकट रद्द कर पैसे वापस लेने को कहा गया है।

<><><><><><><>

खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए जहाज़रानी निदेशालय द्वारा आम जनता को यह सूचित किया गया है कि पोर्ट ब्लेयर से शहीद द्वीप होकर स्वराज द्वीप जाने वाली तीन बजे की यात्री फेरी सेवा के समय में परिवर्तन किया गया है। आज से यह फेरी सेवा दिन में ढाई बजे पोर्ट ब्लेयर से शहीद द्वीप होकर स्वराज द्वीप जाएगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खिया

डॉ बी आर अंबेडकर सभागार में कल मतगणना कर्मियों को तीसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कर्मीयों को अपना कार्य पूरी ईमानदारी और ज़िम्मेदारी से करने को कहा– द डेली टेलीग्राम्स की खबर है। दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमणरोधी अभियान चलाने और इसे जारी रखने के समाचार को – द्वीप समाचार ने पहले पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने स्वराज द्वीप में राजस्व शिविर अदालत आयोजित करने के समाचार को भी पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। लगातार बारिश से सड़को ंपर पानी भरने, स्कूल लाईन और शहर के अन्य स्थानों पर यातायात प्रभावित होने के समाचार को –इंफो इंडिया ने पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने आई पी एल से जुड़े समाचार को अपने खेल पन्ने में जगह दी ह।

<><><><><><><>